प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 26.07.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार : आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा कार्यक्रम।
2. 26वें कारगिल विजय दिवस पर प्रदेश भर में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– एक भारत श्रेष्ठ भारत के माध्यम से साकार होगी सशक्त भारत की परिकल्पना।
3. मुख्यमंत्री ने आज उन्नाव में भारत के पहले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑगमेंटेड मल्टीडिसिप्लिनरी यूनिवर्सिटी का किया उद्‌घाटन : कहा– राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को साकार करने का केंद्र बनेगा यह विश्वविद्यालय।
4. राज्य के 2 हजार 382 परीक्षा केंद्रो पर कल आयोजित होगी आरओ,एआरओ परीक्षा : 10 लाख 76 हजार से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल। और

श्रावण शुक्ल तृतीया पर अयोध्या में कल से शुरु होगा झूलनोत्सव मेला : मथुरा में हरियाली तीज पर स्वर्ण हिंडोला में विराजित होकर श्री बांक बिहारी देंगे भक्तों को दर्शन।

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में सुबह 11 बजे देश विदश के लोगो के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो

कार्यक्रम की 124वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समस्त नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा।

—————————

26वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में वर्ष 1999 के करगिल युद्ध के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजधानी लखनऊ के कारगिल शहीद स्मृति वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री योगी ने करगिल युद्ध में शहीद वीर सपूतों को नमन करते हुए कहा कि ये दिन भारत की सेना के शौर्य का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जिन वीर सैनिकों ने अपना बलिदान दिया है, उनकी प्रेरणा यही है कि हम एक भारत श्रेष्ठ भारत के माध्यम से ही एक सशक्त और समर्थ भारत की परिकल्पना को साकार करें। बाइट....

*एक भारत श्रेष्ठ भारत के रूप में हमें एक समर्थ और सशक्त भारत के लिए एक आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए आगे बढ़ना होगा एकजुट होना होगा कारगिल विजय दिवस का संदेश यही हैं जिन वीर सैनिकों ने अपना बलिदान दिया है उनकी प्रेरणा यही है की हम एक भारत और श्रेष्ठ भारत के माध्यम से ही एक सशक्त और समर्थ भारत की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं।*

मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर में सेना के शौर्य और पराक्रम का उल्लेख किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने शहीदों के परिजनों को सम्मानित भी किया।

वाराणसी में 39 जीटीसी परिसर के वॉर मेमोरियल पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। शाहजहांपुर में लद्दाख–जम्मू एवं कश्मीर अध्ययन केंद्र ने गोष्ठी और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। पीलीभीत और अमेठी में भी शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज उन्नाव में भारत के पहले निजी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑगमेंटेड मल्टी डिसिप्लिनरी यूनिवर्सिटी का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नया विश्वविद्यालय तकनीकी प्रगति और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को साकार करने का केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले 8 वर्षों में सुरक्षित और कानून–सम्मत माहौल तैयार किया गया है, जो निवेश के लिए अनिवार्य है। बाइट....

*उत्तर प्रदेश में पिछले आठ वर्ष के अंदर जो माहौल बेहतरीन सुरक्षा का कानून व्यवस्था का प्राप्त हुआ आज उसका परिणाम है कि हमें अब तक पैंतालीस लाख करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। पैंतालीस लाख करोड़ में से पंद्रह लाख करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्तावों को हम लोगों ने जमीनी धरातल पर उतारने का काम किया है।*

———————

केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री और राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने आज मथुरा में पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने देश के विकास के लिए शिक्षा को कौशल विकास से जोड़ने की महत्ता पर जोर दिया। बाइट.....

*उत्तर प्रदेश प्रगति के पथ पर तेजी से चल रहा है और नए आयाम बन रहे हैं। नौजवानों के लिए अब तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति के तौर पर भारत को माना जा रहा है और आज देश के प्रधानमंत्री अगली पीढ़ी के लिए जिस तरह से सोचते हैं और काम करते हैं। मुझे उन्होंने अवसर दिया बड़ी जिम्मेदारी दी कि शिक्षा की तार कौशल विकास और उद्यमता से जोड़ी जाए और सीधा रास्ता गामीण क्षेत्र के नौजवानों को मिले।*

————————

कल होने वाली आरओ, एआरओ परीक्षा को शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग और प्रदेश सरकार ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा में सभी जनपदों में 2 हजार 382 परीक्षा केंद्रो पर 10 लाख 76 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। राजधानी लखनऊ सहित कई जिलों में वरिष्ठ अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण किया। पेश है एक रिपोर्ट.....

*सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक एक पाली में आयोजित होने जा रही परीक्षा के लिए एसटीएफ, खुफिया एजेंसियों और पुलिस विभाग को विशेष जिम्मेदारी दी गई है। निगरानी के लिए एआई और सीसीटीवी का इस्तेमाल किया जा रहा है। हर जिले में जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। एसटीएफ को संवेदनशील केंद्रों की विशेष निगरानी के लिए निर्देशित किया गया है। एसटीएफ द्वारा सोशल मीडिया*

*प्लेटफॉर्म की निगरानी की जा रही है। परीक्षा के दौरान कोचिंग संस्थानों की गतिविधियों पर भी नजर रखने के लिए टीमें तैनात हैं। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों का निवारण अधिनियम, 2024 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी।*

——————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**अयोध्या में श्रावण शुक्ल तृतीया के अवसर पर कल से प्रसिद्ध सावन झूलनोत्सव मेले का शुभारंभ होगा। झूलनोत्सव को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....**

*श्रावण शुक्ल तृतीया पर अयोध्या के एतिहासिक मणि पर्वत स्थल से पखवारे भर चलने वाला सावन झुला मेला शुरू हो जाएगा। महोत्सव श्रावण पूर्णिमा–रक्षाबंधन तक चलेगा। झूलनोत्सव में शामिल होने के लिए भक्तों के आने का क्रम लगातार जारी है। सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए मणिपर्वत स्थल पैरामिलिट्री फोर्स की निगरानी में रहेगा। भीड़ नियंत्रण को लेकर दस बैरियर सिर्फ मणिपर्वत इलाके में लगाए जा रहे हैं। मंदिर परिसर की निगरानी के लिए 850 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो 70 एकड़ क्षेत्र में*

*नजर रखेंगे। इसके अतिरिक्त, तीन हजार सुरक्षाकर्मियों को पूरे मेले और मंदिर क्षेत्र में तैनात किया गया है। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

——————————

मथुरा में कल हरियाली तीज उत्सव को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के व्यापक इंतजाम किए हैं। इस मौके पर वृंदावन के श्री बांके बिहारी मंदिर में श्री बांके बिहारी के चार घंटे अतिरिक्त दर्शन की व्यवस्था की गई है। श्री बांके बिहारी इस दिन भक्तों को वर्ष में एक बार स्वर्ण हिंडोला में विराजित होकर दर्शन देते हैं। मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि भीड़ प्रबंधन के लिए सभी उपाय किए गए हैं। बाइट....

*इसके लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। पूरे छह को चार जोन और बाईस सेक्टरों में विभाजित कर पुलिस ऑफिसर्स और मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई जा रही है। जनता की सुविधा के लिए चीजें है टॉयलेट, जूता घर इत्यादि इन सब की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही राउट को रेगुलेट करने के लिए निर्धारित पार्किंग, होल्डिंग एरियाज इत्यादि का चिन्हीकरण किया गया है।*

श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और भीड़ का आकलन करने के बाद ही दर्शन के लिए मंदिर आएं। बुजुर्ग, दिव्यांगजन, छोटे बच्चे एवं बीमार व्यक्तियों को मंदिर न आने की अपील की गई है।

——————————

प्रसार भारती के अध्यक्ष डॉक्टर नवनीत कुमार सहगल को आज क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ का अध्यक्ष चुन लिया गया। अध्यक्ष चुने जाने पर उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता लखनऊ की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि क्रिकेट एसोसिएशन जल्द ही लखनऊ प्रीमियर लीग का भी आयोजन करेगा। बाइट....

*सारा प्लेयर्स का रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन किया जायेगा ताकि खिलाड़ियों को कोई परेशानी न हो और नये और टूर्नामेंट कराये जायेंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा हमारी प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिले। हर साल हम पांच बच्चों को सेलेक्ट करके उनको एडवांस ट्रेनिंग के लिए बाहर भेजेंगे, संस्थाओं में भेजेंगे और इसके साथसाथ प्रयास इस साल कर रहे हैं कि हम लखनऊ प्रीमियम लीग भी शुरू करें।*

———————————

प्रदेश में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के लिए गरज चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कुछ जगहों पर भारी वर्षा और बिजली गिरने की आशंका जताई गई है।

(समाप्त)